दिनांक : 23.01.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री ने भोपाल के नये फ्लाइओवर का नाम बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखने की घोषणा की।
- प्रदेश मंत्रिमंडल की कल महेश्वर में होगी बैठक, कई महत्वूपर्ण प्रस्तावों पर होंगे निर्णय।
- प्रदेश में उद्यानिकी फसलों के लिए अलग कृषि उपज मंडी बनाये जाने को लेकर प्रकिया हुई तेज।
- स्वर्णिम भारत के निर्माण में योगदान देने वाले 10 हजार विशेष अतिथियों को गणतंत्र दिवस परेड के लिए मिला आमंत्रण।

**समाचार विस्तार से:–**

## फ्लाई-ओवर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में 154 करोड़ रूपये की लागत के फ्लाई-ओवर की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए फ्लाई-ओवर का नाम महान देशभक्त और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा जाएगा। तीन किलोमीटर लंबा नव निर्मित फ्लाई-ओवर गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने बावड़िया-कलां क्षेत्र में 180 करोड रुपए की लागत से फ्लाई-ओवर बनाए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का भी लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण नीति बनाई है, जिसे शीघ्र लागू किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल, रायसेन, विदिशा और सीहोर जिले को मिलाकर प्रदेश सरकार जल्द ही वृहद राजधानी परियोजना भी लेकर आ रही है।

## कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। उन्होंने कहा कि इसी संदर्भ में कल लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी महेश्वर में राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक होने जा रही है, जो देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवी अहिल्याबाई द्वारा महिला सशक्तिकरण, किसान-कल्याण, सुशासन की दिशा में दिखाए मार्ग पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है।

इस बीच महेश्वर में माँ नर्मदा के घाटों के साथ ही नगर में भी साज-सज्जा की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, महेश्वरी साड़ी तैयार करने वाली महिला बुनकरों से संवाद करेंगे। साथ ही मंत्रि-परिषद के सदस्य लोकमाता देवी अहिल्याबाई के महल का अवलोकन करेंगे।

**शराबबंदी**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव न□□ ज नरसिंहपुर क□ गोटगांव में □ योजित राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट क□ समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंन□ विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर क्षत्रवासियों को सौगातें दीं। उन्होंन□कहा कि प्रदश सरकार न□17 धार्मिक नगरों में शराब बंदी करन□जा रही है। उन्होंन□ सहयोग क्रीड़ा मंडल को11 लाख रुपय□ दन□ की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री न□कहा कि □ न□वाल□समय में कबड्डी लीग का भी □ योजन प्रदश में किया जाएगा।**

उद्यानिकी मंडी

प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक उद्यानिकी उपज मंडी बनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय पर अमल के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री  नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में उद्यानिकी बोर्ड की बैठक आज मंत्रालय में हुई। मंत्री श्री  कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को उनकी फसल का उचित दाम दिलावाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा पृथक से उद्यानिकी फसल उपज मंडी बोर्ड बनाने पर कार्य प्रारंभ किया गया है। 11 कृषि उपज मंडी इंदौर, बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, उज्जैन, बदनावर, रतलाम, नीमच, भोपाल, जाव रा और शुजालपुर, जिनमें एक लाख टन से अधिक उद्यानिकी फसलों की आवक होती है, ऐसी मंडियों में प्रथम चरण में बोर्ड बना कर उद्यानिकी फसलों के विक्रय के लिये पृथक से परिसर बनेगा। श्री कुशवाह ने कहा यह उद्यानिकी उपज मंडी पूर्णत: हाईटैक होंगी, जिनमें फसल उत्पादक किसान सीधा उपभोक्ताओं को अपनी फसल का विक्रय कर सकेगा। यह व्यवस्था बिचौलियों से मुक्त होगी।

**महाकुंभ सूचना और प्रसारण सचिव**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने आज प्रयागराज के महाकुंभ नगर के सेक्टर-4 स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन कैंप कार्यालय का दौरा किया और महाकुंभ 2025 की कवरेज के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रसार भारती ने  महाकुंभ 2025 की व्यापक कवरेज और विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के प्रसार के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन महाकुंभ से जुड़े रोचक तथ्य उपलब्ध करा रहे हैं।

बजट संवाद

भोपाल में आज बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए सुझाव लिए।

श्री देवड़ा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाए जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए और आम जनता से जुड़ी हुई विभिन्न सुविधाओं को प्रदान करने के लिए वित्त विभाग बजट की तैयारी कर रहा है। इसमें बैंकिंग, ग्रामीण विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव लेने का काम किया जा रहा है। बजट पर संवाद कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हितधारकों को भी सुझाव देने के लिये बुलाया गया था।

**लोक संवर्धन पर्व**

अल्पसंख्यक मंत्रालय 27 जनवरी से दो फरवरी तक नई दिल्ली में लोक संवर्धन पर्व का दूसरा संस्करण आयोजित करेगा। मंत्रालय ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से 90 शिल्पकार और कारीगर इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस पर्व में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के 16 पाक-कला विशेषज्ञ भी हिस्सा लेंगे जो राज्यों के व्यंजन तैयार करेंगे जिनका लोग आनंद ले सकेंगे। इस पर्व में सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया जाएगा।

**गणतंत्र अतिथि**

राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान देने वालो विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह अतिथि अपने-अपने क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हैं तथा स्वर्णिम भारत के निर्माता हैं। सागर जिले के विक्रमादित्य जैन को भी परेड के लिए आंमत्रित किया गया है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया है।

**बाईट-विक्रमादित्य जैन**

**राजभवन**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक आमजन के लिए खोला जा रहा है। इस अवधि में राजभवन प्रवेश गेट नंबर- 2 से निर्धारित किया गया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिकों को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक और गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजभवन भ्रमण की अनुमति होगी।

**अब कुछ समाचार संक्षप्त में...**

- नर्मदापुरम जिले में अब तक रिकॉर्ड एक करोड़ 65 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी जा चुकी है। जिले में बनाए गए 64 उपार्जन केंद्रों पर 13 हजार 588 किसानों से यह धान खरीदी की गई है।
- 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड गुना पर आयोजित किया जाना है। आज पूर्व तैयरियों का कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।
- नीमच में 25 जनवरी को मतदाताओं को जागरूक करने एंव प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलास्तर व मतदान केन्द्र स्तर पर 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मतदाता दिवस की थीम 'वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम'' रहेगी।

- पन्ना जिले मे आगामी गणतंत्र दिवस पर्व के मौके पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पन्ना में पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ध्वजारोहण करेंगे।
- खंडवा में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिले सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यालय प्रमुख द्वारा दिलायी जायेगी।
- झाबुआ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएस बघेल ने निरीक्षण के दौरान एएनएम हेमलता बामनिया के किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर निलंबित कर दिया है।
- गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार राजा भोज पर केन्द्रित झाँकी को शामिल किया गया है।यह झाँकी महाराजा विक्रमादित्य, शोधपीठ के अंतर्गत राजा भोज शोध प्रभाग द्वारा तैयार की गयी है।
- गणतंत्र दिवस की संध्या पर नीमच टाउन हॉल में भारत पर्व में संस्कृति विभागके कलाकार तापस कुमार गुहा भोपाल के पांच सदस्यीय दल और लोक नृतक सुश्री स्नेहा गेहलोद के 6 सदस्यीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।
- 25 जनवरी शनिवार को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल झाबुआ कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना को सम्मानित करेंगे।
- नेहरू युवा केंद्र झाबुआ के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान और सड़क यातायात के लिए स्वैच्छिक समर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- युवा संगम कार्यक्रम में प्रगति, प्रौद्योगिकी, पर्यटन परम्परा, परस्पर संपर्क की अवधारणा पर हरियाणा राज्य के छात्र–छात्राओं का 45 सदस्यीय दल बुधवार को इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय,अमरकंटक पहुंचा।
- जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा गणतंत्र के 40वें लोकोत्सव 'लोकरंग' का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल में किया जा रहा है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने कहा उज्जैन में बनेगा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, हिन्दी में होगी यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई।
- राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए दूसरे चरण का सर्वे हुआ प्रारंभ।
- केन्द्र सरकार गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लायेगी।
- प्रदेश में आज से गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन शुरू, 31 मार्च तक चलेगी प्रक्रिया।